**सब–स्टोर्स पर कार्यरत फार्मासिस्टों/सूचना सहायकों के द्वारा औषधियों का भौतिक सत्यापन कर ई–औषधि सॉफ्टवेयर में इन्द्राज किये जाने हेतु दिशा निर्देश :–**

आपके सब स्टोर्स पर उपलब्ध औषधियों का भौतिक सत्यापन कर उनका मिलान ई–औषधि सॉफ्टवेयर में उपलब्ध इन्द्राज से किया जाना है। भौतिक सत्यापन एवं ई–औषधि सॉफ्टवेयर में इन्द्राज मात्रा में किसी प्रकार की त्रुटि/कमी/अधिकता पाई जाती है तो इस हेतु निम्न दिशा निर्देश है।

**Note :-** उक्त दिशा निर्देश के अनुसार आपके सब स्टोर्स/डीडीसी के स्टोर्स में औषधियों की बैच वाईज मात्रा का भौतिक सत्यापन करने से आपको ज्ञात होता है कि औषधियों की भौतिक मात्रा का मिलान ई–औषधि में इन्द्राज मात्रा से कम/अधिक हो रहा है तो उसे सही करने के लिये यह दिशा निर्देश आपको उपलब्ध करवाये गये है।

1. आपको आर.एम.एस.सी. द्वारा उपलब्ध करवाई गई औषधियों के साथ–साथ **Local Purchase** द्वारा प्राप्त औषधियों का भी भौतिक सत्यापन करना है तथा उसका मिलान भी ई–औषधि में दर्ज मात्रा (स्टॉक) से करना है और भौतिक सत्यापन करने पर किसी औषधि की मात्रा ई–औषधि सॉफ्टवेयर में दर्ज मात्रा से कम/अधिक (भिन्नता) पाई जाती है तो उसका इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में रिमार्क वाले कॉलम में कारण बताते हुये इसी दिशा निर्देशों के अनुसार करना है।

2. किसी डीडीसी द्वारा मरीज को दिया जाने वाला दवा विवरण पत्र किसी कारण वश नही काटा गया है या कटने से वंचित रह गया है परन्तु भौतिक रूप से मरीज को दवा दे दी गई है तथा वह बैच एक्सपायर हो गया है और उसका दवा विवरण पत्र में इन्द्राज नही हो सकता तो उसकी मात्रा उक्त दिशा निर्देशों के अनुसार रिमार्क वाले कॉलम में कारण बताते हुये सही कर सकते है।

समस्त प्राचार्य एवं नियंत्रक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अधीक्षक, सम्बद्ध अस्पताल/प्रधानाचार्य, राजकीय चिकित्सालय एवं दंत महाविद्यालय, संयुक्त निदेशक/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/ प्रमुख चिकित्सा अधिकारी/ सीएचसी, पीएचसी एवं डिपेन्सरीज चिकित्सा अधिकारी प्रभारी राजस्थान (समस्त) हेतु ई–औषधि सॉफ्टवेयर में भौतिक सत्यापन के अनुसार इन्द्राज किये जाने बाबत् दिशा निर्देश निम्न प्रकार है :–

**<u>चरण –1</u>** यहां से आप अपने सब स्टोर (मेडिकल कॉलेज/ जिला अस्पताल, उप–जिला अस्पताल, सेटेलाईट अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, एवं डिस्पेन्सरीज ) के यूजर आईडी व पासवर्ड से ई–औषधि सॉफ्टवेयर में लॉगिन करें।





**<u>चरण –2</u>** लॉगिन करने के पश्चात **Physical Stock Verification** पर क्लिक करें।




**<u>चरण –3</u> Physical Stock Verification** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Verify** पर क्लिक करें।




**<u>चरण –4</u> Verify** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Drug Finder** पर क्लिक करें।




**<u>चरण –5</u> Drug Finder** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Drug Finder** से नीचे दर्शाये अनुसार उसी औषधि का चयन करना है जिसका स्टॉक भौतिक सत्यापन करने पर कम/अधिक पाया गया है। साथ ही आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि **Drug Finder** में जिस औषधि के आगे दो स्टार लगे है उसका मतलब है वह औषधि एन.ओ.एस.क्यू. या रद्द हो चुकी है और जिस औषधि के आगे एक स्टार लगा हुआ है वह औषधि कॉरनटाईन में है एवं जिस औषधि के आगे कोई स्टार नही है वह एक्टीव है। इस **Drug Finder** में आपके डीडीसी/सबस्टोर्स के स्टॉक में उपलब्ध लोकल प्रचेज एवं एक्सपायर अवधि वाली औषधियॉ भी दिखाई देती है।





**<u>चरण –6</u> Drug Finder** औषधि का चयन करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है जिसमें आपको एक तरफ आप द्वारा चयन की गई औषधियां नीले रंग में दिखाई देती है और उसके सम्मुख उस औषधि का बैच नम्बर एवं ई–औषधि में दर्ज इन्द्राज के अनुसार उसका स्टॉक (मात्रा) दिखाई देती है, उसके सम्मुख खाली बॉक्स **(Counted Qty)** में भौतिक सत्यापन के अनुसार उस औषधि की वास्तविक मात्रा का इन्द्राज करना है जिसकी मात्रा कम/अधिक

है। यदि किसी औषधि का बेच नम्बर भी अलग है अर्थात बैच नम्बर **Drug Finder** में नही मिलता है तो उसका इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में करने के लिये निम्न चरण पूर्ण करें।





भौतिक सत्यापन के अनुसार बैच नम्बर बाईज मात्रा का इन्द्राज कर **Add** बटन पर क्लिक करें। **Add** बटन पर क्लिक करते ही वह औषधि आपको उपर नीले रंग में दिखाई देगी। इस प्रकार आप एक से अधिक औषधियां का इन्द्राज भौतिक सत्यापन के अनुसार कर सकते है।

**Add** बटन पर क्लिक करते ही वह औषधि आपको नीचे दर्शायेनुसार नीले रंग में दिखाई देती है, यदि उस औषधि का इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में गलत हो गया है तो उसे सेव करने से पहले उसके सम्मुख लाल क्रोस (x) पर क्लिक कर उसे हटा भी सकते है।





---


**चरण –7** उक्त चरण पूर्ण करने के पश्चात आप **Save** सेव बटन पर क्लिक करें। **Save** बटन पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न सलोग्न लिखा हुआ दिखाई देता है जिसमें ओके बटन पर क्लिक करे।




**<u>चरण –8</u>** ओके बटन पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है जिसमें आप द्वारा किया गया इन्द्राज दिखाई देता है उसके सम्मुख खाली बॉक्स में माउस की सहायता से सही (√) का चिन्ह अंकित करे और **Review** बटन पर क्लिक करें।





**<u>चरण –9</u>** **Review** बटन पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है जिसमें आप द्वारा इन्द्राज की गई औषधियों की मात्रा का विवरण दिखाई देता है जिसमें **Committee Type** से **Physical Stock** का चयन करते हुये **Remark Type** करते हुये **Save** बटन पर क्लिक करें।



**नोट :–** उक्त दर्शाये गये फार्म में आप द्वारा किया गया इन्द्राज यदि गलत दिखाई देता है तो चरण संख्या 8 के अनुसार उसके सम्मुख खाली बॉक्स में माउस की सहायता से सही (√) का चिन्ह अंकित करे और **Review** बटन पर क्लिक नही कर **Cancel** बटन पर क्लिक करे और रिमार्क टाईप करते हुये सेव बटन पर क्लिक करें और गलत हुये इन्द्राज को सही करने के लिये चरण संख्या 1 से 8 का पुनः अवलोकन करें।





**चरण –10** **Save** बटन पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न सलोग्न लिखा हुआ दिखाई देता है जिसमें ओके बटन पर क्लिक करे। इस प्रकार आप किसी भी औषधि की मात्रा का भौतिक सत्यापन के अनुसार उसकी मात्रा कम/अधिक का इन्द्राज ई–औषधि सॉफ्टवेयर में कर सकते है। इसे स्टॉक में अपडेट करने के लिये निम्न दिशा निर्देशों का पालन करें।




स्टॉक में अपडेट करने के लिये चरण संख्या 1 से 2 का अवलोकन करें।


चरण –3 **Physical Stock Verification** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Status** से **Approved** का चयन करें।





चरण –4 **Approved** का चयन करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें आपको आप द्वारा किया गया इन्द्राज दिखाई देता है उसके सम्मुख खाली बॉक्स में माउस की सहायता से सही का चिन्ह अंकित कर **Stock UpDate** पर क्लिक करे।



**<u>चरण –5</u> Stock UpDate** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Enter Remarks For Stock Update** वाले बॉक्स में रिमार्क टाईप कर औके बटन पर क्लिक करें।





**<u>चरण –5</u> OK** पर क्लिक करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें आपको निम्न सलोग्न लिखा हुआ दिखाई देता है उसके औके बटन पर क्लिक करें। इस प्रकार आप अपने स्टॉक की मात्रा को ई–औषधि सॉफ्टवेयर में अपडेट कर सकते है।




**उपर्युक्त दिशा निर्देश से सम्बन्धित यदि कोई समस्या हो तो आरएमएससी के आई.टी. शाखा के दूरभाष नम्बर 0141–2224783 पर सम्पर्क करें।**

# आप द्वारा किये गये इन्द्राज की रिपोर्ट देखने के लिये दिशा निर्देश

**चरण –1** ई–औषधि के रिपोर्ट ऑप्सन पर क्लिक करें और **Physical Stock Verification** पर क्लिक करें **Physical Stock Verification** पर क्लि करने के पश्चात आपके सामने निम्न फार्म खुलता है, जिसमें **Sub Store Name** से अपने **Sub Store** का चयन करते हुये **Export Type** से आपको जिस फॉरमेट में रिपोर्ट देखनी है उसका चयन करे और अन्त में **Generate & Print** बटन पर क्लिक करें।




**चरण –1** जैसे ही आप **Generate & Print** बटन पर क्लिक करते है तो आपके सामने निम्न पेज खुलता है जिसमें आप द्वारा किया गया इन्द्राज दिखाई देता है और यहां पर क्लिक कर प्रिन्ट निकाले।

Report Date and Time : 26/11/2013 05:29:54

**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**
**District Drug Warehouse**
**Rajasthan**
**Physical Stock Verification**

Sub-Store Name : **R K District Hospital Rajsamand Dh**

| S No. | Drug Name | Batch No. | Inhand Qty | Physical Stock | Difference | Rate | Value | Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **DDW Name :: R K District Hospital Rajsamand Dh** | | | | | | | | |
| 1 | Atenolol Tab IP 50 mg [186] | ATT-11009 | 60 | 0 | -60 | 15.38/10x14 Tab Strips | -6.59 | Komal Agrawal |
| 2 | Ciprofloxacin Tablets IP 250 mg Film Coated [102] | AL12009~LP | 2000 | 0 | -2000 | .76/No. | -1520 | Komal Agrawal |
| 3 | Erythromycin Estolate Susp 125mg/5 ml [112] | 04111-BG96 | 1610 | 0 | -1610 | 8.62/No. | -13878.2 | Komal Agrawal |
| 4 | Erythromycin Estolate Susp 125mg/5 ml [112] | 06111-BG96 | 110 | 0 | -110 | 8.21/No. | -903.1 | Komal Agrawal |
| 5 | Insulin syringe with 30 G needle [S14] | 2270151AG~LP | 20 | 0 | -20 | 3.03/No. | -60.6 | Komal Agrawal |
| 6 | Pioglitazone Tab IP 15 mg [297] | ZT-6398 | 900 | 0 | -900 | 30.05/10x10 Tab Strip | -270.45 | Komal Agrawal |
| 7 | Progesterone Inj 200 mg/ 2ml [298] | ZL1011 | 1000 | 0 | -1000 | 77.95/No. | -77950 | Komal Agrawal |
| 8 | Salbutamol Inhalation 100 mcg /dose [371] | HL0051 | 100 | 0 | -100 | 49.85/No. | -4985 | Komal Agrawal |
| 9 | Soluble Insulin Injection IP 40 IU/ml (r.DNA origin) [300] | iO10082 | 350 | 0 | -350 | 51.74/No. | -18109 | Komal Agrawal |
| | | | | | | | **-117682.94** | |
| | | | | | | | One Lac Seventeen Thousand Six Hundred Eighty-two And Ninety-four Only | |

यहां पर आपको भौतिक सत्यापन से पूर्व के स्टॉक की मात्रा दिखाई देती है।

यहां पर आपको भौतिक सत्यापन के पश्चात किये गये स्टॉक की मात्रा दिखाई देती है।